Ans. (c) : न्यायमूर्ति एन.एन. माथुर राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधीश रहे है। वर्तमान में एन.एन. माथुर राष्ट्रीय विधि-विश्वविद्यालय जोधपुर के वाइस चांसलर के रूप में कार्यरत हैं। इन्होने किसी अन्य राज्य के उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में कार्य नहीं किया है।

100. राजस्थान हाईकोर्ट में सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले प्रथम न्यायाधीश कौन है?

(a) शरत कुमार घोष (b) कैलाश नाथ वाँचू
(c) सरजू प्रसाद (d) जे.एम.पांचाल

उद्योग प्रसार अधिकारी -2018 (22 जुलाई, 2018)

Ans. (b) – राजस्थान उच्च न्यायालय में सबसे लम्बे समय तक सेवा करने वाले न्यायाधीश कैलाश नाथ वाँचू (1951-1958) थे। राजस्थान उच्च न्यायालय की स्थापना वर्ष 1949 में जोधपुर में की गयी थी। इसकी खण्डपीठ जयपुर में स्थापित है। राजस्थान उच्च न्यायालय के प्रथम मुख्य न्यायाधीश कमलकांत वर्मा थे।

101. 'राजस्थान उच्च न्यायालय के पहले मुख्य न्यायाधीश कौन थे?

(a) के.के. वर्मा (b) डी.एस.दवे
(c) सरजू प्रसाद (d) इनमें से कोई नहीं

पटवार -2020 (24 अक्टूबर, 2021) Shift-IV

Ans. (a) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

102. 'राजस्थान उच्च न्यायालय' की पीठ (बेंच) निम्न में से कहाँ स्थित है?

(a) बीकानेर (b) अजमेर
(c) जयपुर (d) जोधपुर

पटवार 2020 (24 अक्टूबर, 2021) Shift-III

Ans. (c) – राजस्थान उच्च न्यायालय की पीठ (बेंच) जयपुर में स्थित है। राजस्थान उच्च न्यायालय की मुख्य पीठ जोधपुर में स्थित है। इसकी स्थापना राजस्थान उच्च न्यायालय अधिनियम 1949 के तहत् 29 अगस्त, 1949 को की गई थी। यहाँ जजों की स्वीकृत संख्या 50 है।

103. 'राजस्थान उच्च न्यायालय' की प्रमुख पीठ कहाँ है?

(a) जयपुर (b) टोंक
(c) झालावाड़ (d) जोधपुर

पटवार -2020 (23 अक्टूबर, 2021)

Ans. (d) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

104. उच्चतम न्यायालय के निम्नांकित न्यायाधीशों में से कौन राजस्थान उच्च न्यायालय में न्यायाधीश नहीं रहे हैं?

(a) न्यायमूर्ति एन.एम. कासलीवाल
(b) न्यायमूर्ति बी.एस. चौहान
(c) न्यायमूर्ति ए.के. माथुर
(d) न्यायमूर्ति आर.सी. लाहोटी

उत्तर (d)

RPSC RAS/RTS 2018

व्याख्या- न्यायमूर्ति आर. सी. लाहोटी भारत के 35वें मुख्य न्यायाधीश थे। लाहोती ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय तथा दिल्ली उच्च न्यायालय में न्यायधीश के पद पर कार्य किया है। जबकि न्यायमूर्ति एन. एम. कासलीवाल, न्यायमूर्ति बी. एस. चौहान, न्यायमूर्ति ए. के. माथुर उच्चतम न्यायालय के वे न्यायाधीश हैं जिन्होंने राजस्थान उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के पद पर कार्य किया हैं।

(v) राज्य निर्वाचन आयोग

105. राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान से संबंधित निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए-

(i) राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान का गठन दिसम्बर, 1994 में हुआ।

(ii) इसका एक सचिव होता है जो राज्य का मुख्य निर्वाचन अधिकारी भी होता है।

कूट :

(a) Only (i) is correct/केवल (i) सही है।
(b) Only (ii) is correct /केवल (ii) सही है।
(c) Both (i) and (ii) are correct
(i) और (ii) दोनों सही है।
(d) Neither (i) nor (ii) is correct
न तो (i) और न ही (ii) सही है।

RPSC RAS (Pre) 2021

Ans. (b) : राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी), राजस्थान का गठन भारतीय संविधान के अनुच्छेद-243 (K) के तहत जुलाई, 1994 में किया गया था। राज्य निर्वाचन आयोग, राज्य चुनाव आयुक्त की अध्यक्षता में एक एकल सदस्यीय आयोग है। इसमें एक सचिव होता है जो राज्य का मुख्य निर्वाचन अधिकारी होता है। आयोग मतदाता सूची तैयार करने और पंचायतीराज संस्थानों के साथ-साथ नगर निकायों के लिए चुनाव कराने के माध्यम से अपने संवैधानिक कर्तव्यों का निर्वहन करता है।

106. राजस्थान राज्य निर्वाचन आयोग का गठन किस वर्ष में हुआ था?

(a) 1991 (b) 1992
(c) 1993 (d) 1994

Udyog Nirikshak Exam (Code-38)-2018

Ans. (d) : 73वें व 74वें संविधान संशोधन-1992 के द्वारा प्रत्येक राज्यों में राज्य निर्वाचन आयोग का गठन, अनुच्छेद 243 (K) के तहत सांविधिक निकाय के रूप में किया गया। राजस्थान राज्य निर्वाचन आयोग का गठन जुलाई 1994 को जयपुर में किया गया। डॉ. मधुकर गुप्ता वर्तमान में राजस्थान राज्य निर्वाचन आयुक्त है।

107. राज्य निर्वाचन आयोग के बारे में निम्न कथनों पर विचार कीजिए एवं सही निर्णय का चुनाव कीजिए।

1. राज्य की पंचायतों एवं नगरपालिकाओं के चुनावों के लिए निर्वाचन सूची तैयार करना।
2. पंचायतों एवं नगरपालिकाओं के लिए चुनाव संपन्न कराना।
3. भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा प्रस्तुत निर्वाचन सूची का चयन और तैयार करने का कार्य।

(a) 2, 3
(b) 1, 2,3
(c) इनमें से कोई नहीं
(d) 1,2

पटवार -2020 (24 अक्टूबर, 2021) Shift-IV